दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 21 जनवरी 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 114

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पंजाब में दिल दहला देने वाली घटना, 9 साल के बच्चे को कुत्तों ने नोंच नोंच कर मार डाला

**पटियाला (आरएनएस)।** पूरे पंजाब में ऐसा कोई शहर या जिला नहीं है जहां आवारा कुत्ते लोगों के खौफ की वजह न बन रहे हों। कुछ दिन पहले ही जालंधर में एक बुजुर्ग महिला पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया था वहीं अब पटियाला में तो दिल दहला देने वाली घटना हुई है। यहां नाभा के गांव ढींगी में 10 से अधिक आवारा कुत्तों ने 9 साल के बच्चे को इतना नोंचा कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। शिवम के परिवार वाले खेतों में मजदूरी का काम करते हैं। अचानक आवारा कुत्तों के एक झुंड ने बच्चे शिवम को घेर लिया और उस पर हमला कर दिया। जब तक आसपास के लोग बच्चे की मदद के लिए पहुंचे, तब तक कुत्ते उसे बुरी तरह जख्मी कर चुके थे।

### 40 लाख रुपए कीमत की स्मैक के साथ एक गिरफ्तार, 177.43 ग्राम स्मैक जब्त

**जैसलमेर (आरएनएस)।** जैसलमेर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन मद मर्दन के तहत जिले की डीएसटी व कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी गुलाब सिंह पुत्र रणजीत सिंह निवासी कच्छ गुजरात हाल पुलिस लाइन कच्ची बस्ती जैसलमेर को गिरफ्तार कर 177 ग्राम 46 मिलीग्राम स्मैक जब्त की है। जब्त स्मैक की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपए है। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय एवं आईजी जोधपुर रेंज विकास कुमार के पर्यवेक्षण में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए जिले में ऑपरेशन मद मर्दन अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए सभी थानाधिकारियों एवं जिला स्पेशल टीम को विशेष दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। शनिवार को मुखबिर से मिली सूचना पर एएसपी कैलाश दान जुगतावत व सीओ रूप सिंह इंदा के सुपरविजन में एसएचओ अल्ताफ हुसैन व डीएसटी प्रभारी हेड कांस्टेबल भीमराव सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा आरोपी गुलाब सिंह राजपूत के पास से 177.43 ग्राम स्मैक जब्त की गई है। आरोपी से अवैध मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के संबंध में गहनता से पूछताछ की जा रही है।

### मानहानि मामले में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत, ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर अगले आदेश तक लगी अंतरिम रोक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। मानहानि मामले में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। शीर्ष अदालत ने ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर अगले आदेश तक अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने मामले को रद्द करने की मांग वाली गांधी की याचिका पर झारखंड सरकार और शिकायतकर्ता से भी जवाब मांगा है। वहीं, मानहानि मामले में राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार और शिकायतकर्ता बीजेपी कार्यकर्ता नवीन झा को नोटिस भेजा है। याचिका में झारखंड हाई कोर्ट के 22 फरवरी 2024 फैसले को चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट ने मानहानि मामले को रद्द करने से इनकार किया था। दरअसल, बीजेपी कार्यकर्ता नवीन झा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। बता दें 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी पर गृह मंत्री अमित शाह को हत्यारा कहने का आरोप है।

### देश में कहीं भी सौरभ और दिव्या के छुपे होने की आशंका, बदल रहा है ठिकाना

**ग्वालियर (आरएनएस)।** लोकायुक्त छापे के एक माह बाद भी काली कमाई से करोड़ों जुटाने वाले मध्य प्रदेश परिवहन विभगा के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसकी पत्नी दिव्या तिवारी के देश में कहीं छुपे होने की आशांका जांच एजेंसियां को है। समझाा जा रहा है कि वह पुलिस से बचने के लिए ठिकाने बदल रहा है। उसके साथ उसकी पत्नी दिव्या तिवारी भी है। ऐसे में अब जांच एजेंसियां सौरभ शर्मा की धर-पकड़ के लिए गोपनीय तरह से जाल बिछाने की तैयारी में हैं। उससे जुड़े लोगों के नंबर भी सर्विलांस पर लिए गए हैं। बता दें कि 19 दिसम्बर 20249 को लोकायुक्त ने भोपाल की अरेरा कॉलोनी स्थित उसके दो घरों पर छापा मारा था। इसके बाद आयकर और प्रवर्तन निदेशालय की एंट्री हुई। मेंडोरी के जंगल में विनय हासवानी के फार्म हउस पर मिली कार में 52 किलो सोना ओर दस करोड़ से अधिक नकदी मिलने क बाद यह मामला बड़ा हो गया। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले मं केस दर्ज किया है।

# कोलकाता : अदालत ने ट्रेनी महिला डॉक्टर के रेप-मर्डर के दोषी संजय रॉय को सुनाई उम्रकैद की सजा

**कोलकाता । आरएनएस**




सियालदह कोर्ट की विशेष अदालत ने सोमवार को सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ रेप-हत्या के मामले में एकमात्र दोषी सिविक वालंटियर संजय रॉय उम्रकैद की सजा सुनाई है। जज ने कहा कि यह कोई दुर्लभतम मामला नहीं है।

कोर्ट ने शनिवार को ट्रेनी महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या मामले में आरोपी सिविक वालंटियर संजय रॉय को दोषी करार दिया था। फैसले के समय संजय रॉय ने अदालत में दावा किया था कि उसे फंसाया गया है। हालांकि, न्यायाधीश अनिर्बन दास ने कहा कि उसे सजा सुनाए जाने से पहले सोमवार को बोलने का मौका दिया जाएगा। मृतक छात्रा के माता-पिता ने दोषी करार दिए जाने के लिए न्यायाधीश का शुक्रिया अदा किया था।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में अफरा-तफरी की स्थिति भी बन गई थी, जिसके बाद अदालत ने सख्त लहजे में सभी लोगों को चेतावनी दी थी और आरोपी की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया था।

पीड़िता के पिता ने सोमवार सुबह पत्रकारों से कहा था, आज सजा सुनाने से पहले विशेष अदालत के न्यायाधीश दोषी की बात सुनेंगे। उसने 20 जनवरी को कुछ कहने पर जोर दिया था, जिस दिन उसे विशेष अदालत ने दोषी ठहराया था। हम चाहते हैं कि उसे अधिकतम सजा दी जाए।

उन्होंने कहा था, रॉय निस्संदेह अपराधी है। लेकिन इस साजिश में और भी लोग शामिल हैं। प्रशासन शुरू से ही उन्हें बचाने की कोशिश कर रहा था।

पीड़िता की मां ने कहा था कि संभवत: रॉय इतने लंबे समय तक चुप इसलिए रहा, क्योंकि उसे किसी ने इस मामले में जमानत दिलाने का आश्वासन दिया था।

गौरतलब है कि पिछले साल 9 अगस्त को महिला ट्रेनी डॉक्टर का शव आरजी कर अस्पताल के सेमिनार हॉल से बरामद किया गया था। कोलकाता पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और क्राइम सीन से मिले सबूतों के आधार पर जांच की। इसके बाद सिविक वालंटियर संजय रॉय को गिरफ्तार किया गया।

संजय रॉय इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की चार्जशीट में मुख्य आरोपी है। संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64, धारा 66 और धारा 103 (आई) के तहत दोषी ठहराया गया था।

## महाकुंभ में शेख बनकर घूम रहा था युवक, हो गई पिटाई

**प्रयागराज । आरएनएस**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। सोशल मीडिया पर रील बनाने के चक्कर में एक युवक को साधुओं के गुस्से का शिकार होना पड़ा। युवक नकली अरबी शेख बनकर महाकुंभ में रील बनाने पहुंचा था, लेकिन उसे साधुओं और अन्य लोगों ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी।

वायरल वीडियो के अनुसार, एक युवक अरबी शेख की पोशाक में दो अन्य युवकों के साथ महाकुंभ पहुंचा था, जो उसके बॉडीगार्ड होने का दिखावा कर रहे थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे राजस्थान से आए हैं और मजाक में अपना नाम 'शेख प्रेमानंद' बताया।

युवक का यह भेष और मजाक साधुओं और वहां मौजूद लोगों को नागवार गुजरा। उन्होंने इसे धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ माना और युवक को पकड़ लिया। वीडियो में देखा जा सकता है कि साधु और अन्य लोग युवक को घेरे हुए हैं, उसकी शेख वाली पगड़ी हटा दी गई है और एक साधु उसका कॉलर पकड़ रहा है। वीडियो में पीछे से मारो-मारो की आवाजें भी सुनाई दे रही हैं।

यह घटना महाकुंभ के दौरान हुई, जब लाखों श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान करने और आध्यात्मिक अनुभव लेने के लिए पहुंचे हैं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और इस पर तीखी प्रतिक्रियाएं भी आ रही हैं। कुछ लोग इसे महज एक मजाक बता रहे हैं, वहीं कई लोग इसे धार्मिक आयोजनों का अपमान मान रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर सोशल मीडिया और रील कल्चर के धार्मिक स्थलों पर पडऩे वाले प्रभाव पर बहस छेड़ दी है।

इस घटना के अलावा, महाकुंभ से अन्य वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिनमें से एक माला बेचने वाली लडक़ी का वीडियो भी चर्चा में है। कुल मिलाकर, महाकुंभ 2025 कई अलग-अलग कारणों से सुर्खियों में बना हुआ है।

## पवित्र बंधन को किया शर्मसार : पत्नी का अश्लील वीडियो बनाकर दोस्त को भेज दिया, शख्स गिरफ्तार

**ठाणे । आरएनएस**



पति-पत्नी का रिश्ता एक पवित्र बंधन माना जाता है, लेकिन महाराष्ट्र के ठाणे से एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति पर अपनी ही पत्नी का अश्लील वीडियो बनाकर उसे अपने दोस्त को भेजने का आरोप है।

ठाणे जिले में अपनी पत्नी का शोषण करने, उसे परेशान करने और उस पर हमला करने के आरोप में 40 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को उल्हासनगर शहर से आरोपी को गिरफ्तार किया और सोमवार को इस घटना की जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने कथित तौर पर अपनी पत्नी को नशीला पदार्थ दिया और फिर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें लीं। इतना ही नहीं, उसने उन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर अपने एक दोस्त को भी भेज दिया। अधिकारी ने बताया कि जब महिला ने इस बात का विरोध किया, तो आरोपी ने उसकी पिटाई भी की।

महिला के अनुसार, इस घटना के बाद 17 जनवरी को उनके पति के उस दोस्त ने उन्हें फोन किया और उनसे अश्लील बातें कीं। महिला ने बताया कि उस व्यक्ति ने फोन पर उनसे यौन संबंध बनाने की मांग भी की।

महिला की शिकायत के आधार पर, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 77 (ताक-झांक), 78 (पीछा करना), 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) और भारतीय दंड संहिता के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। इस घटना ने पति-पत्नी के रिश्ते को शर्मसार कर दिया है।

## सैफ अली खान पर हमला करने वाले शहजाद को लेकर हुआ बड़ा खुलासा

**मुंबई । आरएनएस**



अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के आरोपी शहजाद को लेकर नए-नए खुलासे हो रहे हैं। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बांग्लादेश में कुश्ती का खिलाड़ी था। आरोपी के अनुसार वह जिला के साथ ही नेशनल स्तर पर भी कुश्ती लड़ चुका है।

आरोपी शहजाद ने पुलिस को बताया की वो बांग्लादेश में कुश्ती का खिलाड़ी था और कम भार वर्ग में कुश्ती खेलता था। आरोपी जिला स्तर और नेशनल चैंपियनशिप में अपना दम खम दिखाता था। कुश्ती का खिलाड़ी होने की वजह से वह सैफ अली खान पर हमला करने में कामयाब रहा। आरोपी शहजाद को लेकर मुंबई क्राइम ब्रांच ने यह भी बताया कि सैफ पर हमले के बाद उसने 3 से 4 बार अपने कपड़े बदले थे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी लगातार घूम रहा था। वह बांद्रा स्टेशन गया। वहां से दादर,वर्ली, अंधेरी और फिर ठाणे चला गया।

क्राइम ब्रांच के अनुसार आरोपी शहजाद पिछले साल सितंबर महीने में मुंबई आया था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी मोहम्मद शहजाद ने सैफ अली खान के घर में घुसने से पहले कई मशहूर हस्तियों के घरों की रेकी की थी। आरोपी रिक्शा चालक से हस्तियों के घरों के बारे में जानकारी लेता था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ने रिक्शा चालक से बांद्रा इलाके में रहने वाली हस्तियों के घर के बारे में जानकारी हासिल की थी।

आरोपी ने शाहरुख खान-सैफ अली के अलावा अन्य कई हस्तियों के घर की रेकी की थी। 30 वर्षीय आरोपी शहजाद को पुलिस ने रविवार सुबह ठाणे शहर से पकड़ा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शहजाद को रविवार को मुंबई के बांद्रा इलाके में खान के घर से करीब 35 किलोमीटर दूर ठाणे के कासरवदावली में हीरानंदानी एस्टेट के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने ठाणे के एक जंगली इलाके में एक श्रमिक शिविर में शहजाद का पता लगाया। सूत्रों के अनुसार, शहर में सात घंटे तक चले तलाशी अभियान के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। अदालत ने आरोपी को पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा है।

## राजौरी में रहस्यमय मौतों की संख्या बढ़कर 17 हुई, झरने को किया गया सील

**जम्मू । आरएनएस**



जम्मू-कश्मीर के एक बुधल गांव में तीन परिवारों के 17 सदस्यों की रहस्यमयी बीमारी से मौतों की चल रही जांच के बीच, अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र में एक झरने को सील कर दिया है। झरने (बावली) से लिए गए पानी में कुछ कीटनाशकों की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इस वजह से लोग सहमे हुए हैं।

अतिरिक्त उपायुक्त (कोटरांका उपखंड) दिल मीर ने एक आदेश में कहा, बुधल गांव के झरने (बावली) से लिए गए पानी के नमूनों में कुछ कीटनाशकों की पुष्टि हुई है। बावली को पीएचई (जल शक्ति) डिवीजन राजौरी ने अवरुद्ध कर दिया है और संबंधित मजिस्ट्रेट ने सील कर दिया है। ऐसी आशंका है कि गांव की आदिवासी आबादी चोरी-छिपे इस झरने के बहते पानी को इक_ा कर सकती है। इसलिए तहसीलदार खवास यह सुनिश्चित करें कि कोई भी ग्रामीण किसी भी हालत में इस बावड़ी के पानी का उपयोग न करे। बावड़ी की घेराबंदी कर दी गई है।

दिल मीर ने राजौरी जिले के बुधल गांव की घेराबंदी करने और वहां 24 घंटे 2 से 3 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती का निर्देश दिया है, ताकि बावली के पानी का उपयोग पूरी तरह से रोका जा सके।

बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जम्मू के राजौरी जिले में रहस्यमयी बीमारी से मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए गृह मंत्रालय की अगुवाई में एक अंतर-मंत्रालयी टीम के गठन का आदेश दिया था। यह कदम इस क्षेत्र में हुई संदिग्ध मौतों की गहन जांच करने और इसके कारणों का पता लगाने के लिए उठाया गया। ये टीम रहस्यमयी बीमारी से मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

इस अंतर-मंत्रालयी टीम की जम्मू-कश्मीर के फोरेंसिक साइंस, पशुपालन और खाद्य सुरक्षा विभाग भी मदद कर रहे हैं। टीम रविवार को बुधल पहुंची।

राजौरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एएस. भाटिया की अध्यक्षता में स्थानीय डॉक्टरों की एक टीम ने स्थानीय लोगों की आशंकाओं को दूर करने के लिए शनिवार को बुधल गांव में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की थी। भाटिया ने कहा था कि विषाक्त पदार्थों से मस्तिष्क को नुकसान हो सकता है, जो तुरंत इलाज न किए जाने पर अपरिवर्तनीय हो सकता है। ज्यादातर मरीज विषाक्त पदार्थों के कारण अपरिवर्तनीय मस्तिष्क क्षति होने के बाद अस्पताल पहुंचे थे, जिसके बारे में डॉक्टर ज्यादा कुछ नहीं कर सके थे।

## अमेरिका में भारतीय छात्र को गोलियों से भूना, मास्टर्स की पढ़ाई करने के लिए गया था विदेश

**हैदराबाद । आरएनएस**



अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में हुई एक गोलीबारी की घटना में हैदराबाद के एक युवक की दुखद मौत हो गई है। मृतक की पहचान रवि तेजा के रूप में हुई है, जो हैदराबाद के आरके पुरम स्थित ग्रीन हिल्स कॉलोनी का रहने वाला था।

हैदराबाद के चैतन्यपुरी स्थित ग्रीन हिल्स कॉलोनी के मूल निवासी रवि तेजा 2022 में मास्टर्स की पढ़ाई करने के लिए अमेरिका गए थे। उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी कर ली थी और वर्तमान में नौकरी के लिए ट्रायल पर थे। इस दुखद घटना के बाद हैदराबाद में रवि तेजा के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका में इस तरह की गोलीबारी की घटनाएं आम होती जा रही हैं। पिछले साल नवंबर में भी तेलंगाना के खम्मम जिले के रहने वाले एक युवक की शिकागो में एक गैस स्टेशन पर बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इन घटनाओं ने अमेरिका में भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। रवि तेजा की मौत से उनके परिवार और दोस्तों को गहरा सदमा लगा है।

# मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर मेला क्षेत्र में वाहनों पर प्रतिबंध, पांटून पुल होगा वन-वे

**महाकुंभ । आरएनएस**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन और संचार तंत्र को और बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर अमृत स्नान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता होनी चाहिए। भीड़ प्रबंधन की दृष्टि से इन विशेष दिवसों पर पांटून पुल पर आवागमन वन-वे रखा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि श्रद्धालुओं की आस्था का पूरा सम्मान होना चाहिए। जिसे भी किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो, व्यवस्था में लगे लोग आगे बढक़र मदद करें।

रविवार को प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने पहले मेला क्षेत्र का भ्रमण किया और फिर अधिकारियों के साथ बैठक कर आगे की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री सहित अनेक गणमान्य जनों का प्रयागराज में आगमन प्रस्तावित है। अगले सप्ताह 22 जनवरी को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक भी यहां होगी। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां समय से कर ली जानी चाहिए।

आईसीसीसी सभागार में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान स्थिति के अनुसार मेला परिसर में लगभग डेढ़ करोड़ श्रद्धालु उपस्थित हैं। अब तक सात करोड़ से अधिक लोग त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति पर आस्था का जन समुद्र उमड़ा था, यह सुखद रहा कि हर आगंतुक श्रद्धालु संतुष्ट होकर यहां से गया। अब आगामी मौनी अमावस्या के मौके पर 8 से 10 करोड़ लोगों के आगमन का अनुमान है। इससे पहले गणतंत्र दिवस पर भी बड़ी संख्या में लोगों का आगमन होगा। ऐसे में लोगों की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिगत पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। बिजली और पेयजल आपूर्ति हो, शौचालय और उसकी सफाई हो, पांटून पुलों का अनुरक्षण हो, अथवा भीड़ के मूवमेंट की रणनीति, हर एक बिंदु पर अच्छी तैयारी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात प्रबंधन/गाडिय़ों की पार्किंग के बारे में लगातार प्रचार-प्रसार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क को और बेहतर करने की भी जरूरत बताई। उन्होंने कहा मीडिया और पुलिस हो या आम श्रद्धालु, मोबाइल नेटवर्क की जरूरत सभी को पड़ती है। मौनी अमावस्या के दृष्टिगत टॉवर क्षमता और कवरेज को और बेहतर किया जाना आवश्यक है। सीएम योगी ने निर्देश दिए कि मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर प्रयास करें कि जो लोग जिस ओर से आ रहे हैं, वहीं के निकटस्थ घाट पर स्नान कर सकें। उन्होंने स्नानार्थियों को कम से कम पैदल चलने के लिए आवश्यक प्रबंध के निर्देश दिए।

रेलवे के अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुव्यवस्था बनाने में रेलवे की बड़ी भूमिका है। स्नान के बाद श्रद्धालु अपने गंतव्य जाना चाहता है, इसलिए मेला स्पेशल ट्रेनें पूरे दिन चलाई जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रूटीन गाडिय़ों और मेला स्पेशल ट्रेनों के लिए अलग-अलग रेलवे स्टेशन हों तो बेहतर होगा। रूटीन ट्रेनों को यथासंभव निरस्त अथवा डाइवर्ट करके चलाना उचित होगा।

रेलवे को आगामी 25 जनवरी से 5 फरवरी तक के लिए पूरी सतर्कता के साथ विशेष प्रबंध करने होंगे। उन्होंने कहा कि ट्रेनों के आवागमन, प्लेटफॉर्म संख्या आदि के बारे में लगातार घोषणा की जा रही है। हर हाल में यह सुनिश्चित करें कि गाडिय़ों के आवागमन के लिए एक बार घोषित प्लेटफॉर्म संख्या में बदलाव न हो। रेलवे अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि मौनी अमावस्या पर 200 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनें चलाए जाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री ने परिवहन निगम को शटल बसों की संख्या बढ़ाने और उनके लगातार चलाने के भी निर्देश दिए।